I/105750/2023

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
सचिवालय परिसर, 04–सुभाष रोड, देहरादून–248001
संख्या–3036/USDMA (Admin)-75(2021)
दिनांक: 20 मार्च, 2023

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून के अन्तर्गत प्रशासनिक शाखा में सृजित वरिष्ठ सहायक–02, रिकार्ड कीपर कम स्टोर कीपर–01, लेखाकार–01, सहायक लेखाकार–02 एवं कनिष्ठ सहायक के 03 रिक्त पदों को सीधी भर्ती/पदोन्नति होने तक प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु उत्तराखण्ड सरकार के विभिन्न राजकीय विभागों/निगमों के इच्छुक कार्मिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र एवं पदों का विवरण तथा अन्य जानकारी विभाग की वेबसाईट https://usdma.uk.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र **दिनांक 20 अप्रैल 2023 सांय 05.00 बजे** तक अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन), उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, सचिवालय परिसर, 04–सुभाष रोड़, देहरादून के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। अन्य माध्यम से प्राप्त एवं निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा एवं डाक के विलम्ब के लिए प्राधिकरण उत्तरदायी नहीं होगा।

(सविन बंसल)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी–प्रशासन

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–सचिव, उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण महोदय को संज्ञानार्थ।

2–विज्ञापन प्रबन्धक, दैनिक जागरण एवं हिन्दुस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने समाचार पत्रों के माध्यम से उत्तराखण्ड संस्करण में DAVP दरों पर 10X8 (80 Sq.c.m.) प्रारूप पर दिनांक 21 मार्च 2023 को प्रकाशित करने का कष्ट करें। उपरोक्त का बीजक भुगतान हेतु उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण को प्रेषित करने का कष्ट करें।

3–श्री अमित शर्मा, सिस्टम विशेषज्ञ को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार विज्ञप्ति को प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

(सविन बंसल)
अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी–प्रशासन

I/105750/2023

उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
सचिवालय परिसर, 04–सुभाष रोड, देहरादून–248001
संख्या–3036/ USDMA (Admin)-75(2021)
दिनांकः 20 मार्च, 2023

विज्ञप्ति

आपदा प्रबन्धन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 1615/ XVII-B-1/2021-3(2) /2016, दिनांक 30 नवम्बर 2021 द्वारा उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, देहरादून के अन्तर्गत प्रशासनिक शाखा में सृजित सीधी भर्ती/पदोन्नति के निम्नलिखित रिक्त पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु उत्तराखण्ड सरकार के विभिन्न राजकीय विभागों/निगमों के इच्छुक कार्मिकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

(प्रशासनिक शाखा)

क्र0 सं0	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या	सेवा शर्ते
01	वरिष्ठ सहायक	वेतन लेवल–05 (अपुनरीक्षित 5200–20200 ग्रेड वेतन–2800)	02	1–प्रतिनियुक्ति की अवधि 03 वर्ष अथवा सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी प्राप्त होने तक, जो भी पूर्व में घटित हो। 2– वेतन, भत्ते एवं अन्य सेवा शर्तें इत्यादि शासन द्वारा प्रतिनियुक्ति के संबंध में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों/नियमों के अधीन देय होंगे। 3–शासनादेशसंख्या–21/XXVII(7)/18-50(14)/2017, दिनांक 23 जनवरी 2019 द्वारा प्रतिनियुक्ति भत्ता समाप्त किये जाने के फलस्वरूप प्रतिनियुक्ति भत्ता देय नहीं होगा। 4–05 वर्षो की गोपनीय आख्याएं, जिनमें प्रविष्टि "उत्तम" से कम ना हो। 5–सतर्कता/जांच/अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित न होने एवं ना ही विचाराधीन होने संबंधी प्रमाण पत्र, जो सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो। 6–नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्गत विभागीय अनापत्ति प्रमाण पत्र।
02	रिकार्ड कीपर कम स्टोर कीपर	वेतन लेवल–05 (अपुनरीक्षित 5200–20200 ग्रेड वेतन–2800)	01	
03	लेखाकार	वेतन लेवल–06 (अपुनरीक्षित 9300–34800 ग्रेड वेतन–4200)	01	
04	सहायक लेखाकार	वेतन लेवल–05 (अपुनरीक्षित 5200–20200 ग्रेड वेतन–2800)	02	
05	कनिष्ठ सहायक	वेतन लेवल–03 (अपुनरीक्षित 5200–20200 ग्रेड वेतन–2000)	03	